हरिभूमि

मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 24 सितंबर 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | मंदसौर

06 लाभकारी मूल्य, कर्जमाफी, फसल बीमा और जिले को सूखाग्रस्त ...



09 चाक-चौबंद प्रशासनिक व्यवस्थाओं के बीच संपन्न किया जल...



कर्नाटक के राज्यपाल गेहलोत ने कहा- लिखित में दो कार्रवाई करवाऊंगा

मां बगलामुखी मंदिर हादसा: विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू

घटना वाली पुलिया के समीप स्थानीय लोगों का प्रदर्शन, मांगें पूरी नहीं होने पर चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मां बगलामुखी मंदिर मार्ग पर हुई दर्दनाक घटना के बाद विभिन्न मांगों को लेकर स्थानीय लोगों द्वारा घटना वाली पुलिया के समीप अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया गया है। धरने में नगर एवं क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक संगठनों तथा स्थानीय लोगों की सहभागिता है। आयोजकों का कहना है कि यह आंदोलन किसी राजनीतिक दल या संगठन तक सीमित नहीं है, बल्कि जनहित और श्रद्धालुओं की सुरक्षा से जुड़े मुद्दों को लेकर राजनीति से परे होकर किया जा रहा है। धरना दे रहे लोगों ने प्रशासन के समक्ष 11 प्रमुख मांगें रखी हैं। इनमें 19 सितंबर 2026 की घटना के लिए जिम्मेदारी तय कर संबंधित अधिकारी-कर्मचारी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग, मंदिर मार्ग पर बनी पुलिया की चौड़ाई एवं ऊंचाई तत्काल बढ़ाने तथा नाले का बहाव श्मशान की ओर परिवर्तित कर समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग प्रमुख है।

इसके साथ ही मंदिर परिसर में तत्काल पुलिस चौकी स्थापित करने, श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त मात्रा में शुद्ध एवं शीतल पेयजल की व्यवस्था करने, मंदिर प्रबंधन में शासकीय समिति के साथ अशासकीय सदस्यों को भी शामिल करने तथा पार्किंग व्यवस्था को व्यवस्थित कर सीसीटीवी कैमरे एवं प्रकाश व्यवस्था में सुधार करने की मांग रखी गई है। धरनार्थियों ने मंदिर परिसर में जनरेटर एवं पर्याप्त लाइटिंग की व्यवस्था, यात्रियों के बैठने के लिए पर्याप्त मात्रा में शेड एवं कुर्सियों की व्यवस्था, यज्ञशाला में व्याप्त अव्यवस्थाओं का तत्काल निराकरण, मंदिर परिसर में निःशुल्क सुलभ कॉम्प्लेक्स का संचालन तथा श्रद्धालुओं के लिए विश्राम गृह को तत्काल शुरू किए जाने की मांग भी उठाई है।

धरना दे रहे स्थानीय लोगों ने स्पष्ट किया है कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होती, तब तक धरना जारी रहेगा। मांगों का निराकरण नहीं होने की स्थिति में आंदोलन को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाने की चेतावनी भी दी गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मां बगलामुखी मंदिर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं, इसलिए मंदिर मार्ग, सुरक्षा, पार्किंग, प्रकाश, पेयजल और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर स्थायी एवं प्रभावी समाधान किया जाना आवश्यक है। धरने में राजनीति से ऊपर उठकर विभिन्न संगठनों और वर्गों के लोगों के शामिल होने से आंदोलन को व्यापक जनसमर्थन मिलने का दावा किया गया है। गौरतलब है कि नलखेड़ा स्थित विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ माँ बगलामुखी मंदिर पर 18 सितंबर को उड़ीसा से 8 दर्शनार्थी माता रानी के दरबार मे पहुंचे थे जोकि हवन अनुष्ठान के बाद 18-19 सितंबर की दरम्यानी रात लगभग 12 बजे वापस लौट रहे थे कि मंदिर के समीप स्थित नाले की पुलिया पर तेज बहाव का पानी होने से उनकी कार बह गई थी जिसमे सवार 8 भक्तों की मौत हो गई थी। बताया जा रहा है कि पुलिया पर पानी होने के बाद भी वहाँ ना तो बेरिकेटिंग की गई थी ना ही सुरक्षा के लिए कोई गार्ड मौजूद नही था। इस दर्दनाक और हृदयविदारक घटना के बाद पांच दिन बीत जाने पर भी प्रशासन द्वारा घटना को लेकर किसी की भी जवाबदेही तय नही की है और ना ही किसी दोषी अधिकारी पर कार्यवाही नही की है।

राज्यपाल ने भी किया मृतकों को नमन





बुधवार को कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गेहलोत का मां बगलामुखी मंदिर आगमन हुआ जहां पर मां बगलामुखी भक्त मंडल द्वारा डॉ. अंबेडकर चौराहे के समीप राज्यपाल श्री गेहलोत के काफिले को रोककर उन्हें गत दिनों मां बगलामुखी मंदिर पर हुए हृदय विदारक, दर्दनाक हादसे के बारे में बताया गया। इस पर श्री गेहलोत ने भक्त मंडल के सदस्यों को कहा कि आप लिखित में दे दे मैं इस मामले में कार्यवाही कराऊंगा। श्री गेहलोत ने मृतकों के चित्र के समक्ष हाथ जोड़कर उन्हें नमन भी किया।

प्रथम दिन धरने पर यहां रहे उपस्थित

बुधवार को प्रथम दिवस धरना स्थल पर सुसनेर क्षेत्र के विधायक भेरू सिंह परिहार बापू, कांग्रेस जिला अध्यक्ष विजयलक्ष्मी तवंर, व्यापारी महासंघ नलखेड़ा के अध्यक्ष कैलाशचंद राठौर, सामाजिक कार्यकर्ता अशोक गुप्ता, भाजपा जिला मंत्री पवन वेदिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राधेश्याम मालोट, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रेम राठौर, नगर परिषद पार्षद गोवर्धन वेदिया, देवेंद्र गुप्ता, सामाजिक कार्यकर्ता दिनेश व्यास, विपिन पाटनी, अमित तातेड, अभिभाषक लोकेश गुप्ता, जीतू पाटीदार , किशोर बैरागी सोनू जायसवाल ,मोहन नागर, मनोज गायरी सहित कई गणमान्य नागरिक तथा जनप्रतिनिधि धरने पर उपस्थित थे।

बगलामुखी मंदिर पर की पूजा-अर्चना

राज्यपाल थावरचंद गेहलोत ने पेट्रोल पंप का किया शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

कर्नाटक के महामहिम राज्यपाल थावरचंद गेहलोत बुधवार को नलखेड़ा पहुंचे। जहां उन्होंने मां बगलामुखी मंदिर पर दर्शन पूजन कर देश की खुशहाली तथा सुख समृद्धि की कामना करते हुए माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर उपरांत उन्होंने नगर के समीप एक पेट्रोल पंप के शुभारंभ कार्यक्रम में भाग लिया। बुधवार को कर्नाटक के राज्यपाल श्री गेहलोत का मां बगलामुखी की पावन नगरी में आगमन हुआ। माता मंदिर पर दर्शन पूजन के पश्चात नलखेड़ा - कानड़ मार्ग पर ग्राम नजरखेड़ा स्थित स्वास्तिक एंटरप्राइजेस के भारत पेट्रोल पंप का भव्य शुभारंभ अपने कर कमलों से किया गया। इस मौके पर राज्यपाल श्री गेहलोत का स्वागत लोढ़ा परिवार एवं मित्तल परिवार द्वारा किया गया। दोनों परिवार द्वारा उन्हें प्रतिक चिन्ह भी भेट किया। नगर के लोढ़ा तथा मित्तल परिवार द्वारा स्थापित इस पेट्रोल पंप कार्यक्रम में शाजापुर विधायक अरुण भीमावद, सुसनेर क्षेत्र के पूर्व विधायक मुरलीधर पाटीदार, फूलचंद वेदियां, भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक लोढ़ा, भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी, सहित गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों तथा ग्रामीणों ने भाग लिया। इसके पूर्व राज्यपाल श्री गेहलोत ने पेट्रोल पंप परिसर में पौधारोपण भी किया गया। श्री गेहलोत का माता मंदिर पर भी नगर के गणमान्य नागरिकों के साथ भाजपा के पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया।



तीन लोगों ने युवक को पीट-पीट कर अधमरा किया

मंदसौर। जिले के सीतामऊ थाना क्षेत्र के दीपा खेड़ा में युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। गंभीर रूप से घायल युवक ने बुधवार सुबह मंदसौर जिला अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। परिजनों ने तीन लोगों पर लाठी और सरिए से मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस मामले में दो मुख्य आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। मृतक की पहचान दीपा खेड़ा निवासी सुरेश पिता सीताराम सूर्यवंशी (25) के रूप में हुई है। वह मजदूरी करता था। परिजनों के मुताबिक, 22 सितंबर की रात करीब 8:30 बजे सुरेश दीपा खेड़ा बस स्टैंड पर कुछ सामान लेने गया था। इसी दौरान तीन लोग उसे साथ ले गए। तीनों ने उसके साथ मारपीट की। सुरेश के भाई अर्जुन सुचना मिली कि कुछ लोग भाई को उठाकर ले गए हैं। अर्जुन मौके पर पहुंचा तो देखा कि तीनों आरोपी सुरेश के साथ मारपीट कर रहे थे।

जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत, 2 आरोपी हिरासत में

अर्जुन को देखते ही आरोपी वहां से भाग गए। इसके बाद अर्जुन ने अपने परिजनों को पूरा घटनाक्रम बताया। इसके बाद सुरेश को सीतामऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। वहां शुरुआती इलाज के बाद हालत गंभीर होने पर उसे मंदसौर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिवार वाले रात करीब 12 बजे सुरेश को लेकर मंदसौर जिला अस्पताल पहुंचे। वहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ गिया। उसके शरीर पर कई जगह गंभीर चोट के निशान मिले थे। बुधवार दोपहर तीन डॉक्टरों की टीम ने शव का पोस्टमार्टम किया। इसके बाद परिवार वाले शव लेकर सीतामऊ के लिए निकले और लदुना चौराहे पर प्रदर्शन करने लगे। प्रदर्शनकारियों की मांग है कि आरोपियों के मकान तोड़े जाएं, उनका जुलूस निकाला जाए, पीड़ित परिवार को मुआवजा दिया जाए और मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में हो। परिजनों ने बताया कि करीब एक साल पहले इन्हीं आरोपियों ने सुरेश के भाई अर्जुन के साथ भी मारपीट की थी। इसमें अर्जुन का हाथ फ्रैक्चर हो गया था। मामले में शिकायत दर्ज होने के बाद आरोपियों के जेल भेजे जाने की बात भी परिजनों ने कही है। एसपी विनोद कुमार मीना ने मीडिया को बताया कि घटना के बाद पुलिस ने दो आरोपी दशरथ और नागु सिंह को को राउंडअप कर लिया है। दशरथ और नागु दोनों सगे भाई हैं। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

छात्रों ने ताल थाने का भ्रमण कर समझी पुलिस की कार्यप्रणाली

किशनगढ़ ताल। शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ताल के व्यावसायिक शिक्षा के विद्यार्थियों ने बुधवार को त्रैमासिक औद्योगिक भ्रमण के अंतर्गत ताल पुलिस थाने का भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने पुलिस थाने की कार्यप्रणाली को करीब से समझा तथा पुलिस द्वारा किए जाने वाले विभिन्न कार्यों की जानकारी प्राप्त की। विद्यालय के प्राचार्य विनोद कुमार शर्मा ने बताया कि व्यावसायिक शिक्षा के विद्यार्थियों के लिए आयोजित इस भ्रमण का उद्देश्य उन्हें पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली एवं व्यावहारिक जानकारी से अवगत कराना था। थाना प्रभारी टीआई स्वराज डाबी ने विद्यार्थियों को प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया, पुलिस रिकॉर्ड के संधारण तथा साइबर फ्रॉड से बचाव के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के विभिन्न पहलुओं से भी अवगत कराया। इस दौरान विद्यार्थियों ने पुलिस कार्यप्रणाली से संबंधित अनेक सवाल पूछे, जिनका टीआई डाबी ने सहजता से समाधान किया। भ्रमण के दौरान वीटी मोहम्मद असलम भी उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने थाने की कार्यप्रणाली को नजदीक से समझने को उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक अनुभव बताया।

आबकारी विभाग निष्क्रिय, ताल फंटा क्षेत्र में गली मोहल्ले में मिल रही है अवैध शराब!

हरिभूमि न्यूज ⏭ किशनगढ़ ताल



प्रदेश में पहले ही अवैध शराब से लोगों की मौत हो चुकी है पर आबकारी विभाग एवं पुलिस विभाग इन माफिया पर कार्रवाई नहीं कर रही है। ताल फंटा एवं क्षेत्रान्तरगत ग्रामीण क्षेत्रों के गली मोहल्लों में अवैध शराब का गोरख धंधा निर्बाध गति से चल रहा है। ताल फंटा क्षेत्र के हर गांव में शराब के कारोबारी मिल जाएंगे । इस ओर आबकारी विभाग का कोई ध्यान ही नहीं है जो विचारणीय है। नवीन ठेकेदारों पवन सिंह राठौड़ द्वारा क्षेत्र में डायरी पद्धति बना रखी है जिससे हर गांव में डायरी के माध्यम से बिकने वाली अवैध शराब के डायरी वाले ठेकेदार एक हर एक ग्राम में अवैध रूप शराब बिक्री करते मिल जाएंगे इससे कई गरीब परिवार परेशान होकर शराब की भेंट चढ़ रहें हैं। नहीं कोई देखने वाला ओर नहीं कोई सुनने वाला है। क्या जिला प्रशासन संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई करेगा ?जन चर्चा है कि इस शराब के अवैध कारोबार में उनका भी हिस्सा जाता है इसलिए वह निष्क्रिय होकर अबाध गति से इन्हें छूट देकर सोया हुआ है। क्या जिला आबकारी अधिकारी एवं जिलाधीश, पुलिस अधीक्षक रतलाम इस ओर ध्यान आकर्षित करेंगे ?

वसूल तो करेंगे

मध्य प्रदेश सरकार को करोड़ रुपए दुकान के दिए है दो नंबर धंधा भी करेंगे एवं ग्रामीण क्षेत्र डायरी भी चलेगी, पुलिस विभाग एवं आबकारी विभाग को भी लाखों रुपए की महीना देते है, वसूल तो करना पड़ेगा।

पवन सिंह राठौड़, ठेकेदार शराब दुकान

आगर जिले के वरिष्ठ पत्रकार बसंत गुप्ता का निधन, पत्रकारिता जगत के लिए अपूर्णीय क्षति

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



आगर जिले के वरिष्ठ पत्रकार तथा जिले में पत्रकारिता के सशक्त आधार स्तंभ माने जाने वाले बसंत गुप्ता (75 वर्ष) के बुधवार को निधन की खबर से जिले के पत्रकारों में शोक की लहर व्याप्त हो गई। श्री गुप्ता ने पत्रकारिता के क्षेत्र में लगभग अर्ध शतक पूर्ण कर अपनी लेखनी के माध्यम से आमजन की आवाज को समय-समय पर उठाकर जिले में अपनी एक अलग ही पहचान बनाई थी। उनके लंबे पत्रकारिता जीवन और समाज के प्रति योगदान को याद करते हुए लोगों ने कहा कि उनकी कमी लंबे समय तक जिले वासियों को महसूस होगी। उनके निधन को पत्रकारिता जगत के साथ जिलेवासियों के लिए भी अपूर्णीय क्षति माना जा रहा है।

नलखेड़ा तहसील प्रेस क्लब के पत्रकारों द्वारा भी श्री गुप्ता के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए। उनके निधन को जिले में पत्रकारिता के एक युग का अंत बताते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। श्री गुप्ता पिछले करीब 50 वर्षों से पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय थे। उन्होंने अपने पत्रकारिता जीवन की शुरुआत से ही आमजन की आवाज के साथ जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाया और आम लोगों की परेशानियों को अपनी लेखनी के माध्यम से जिम्मेदार अधिकारियों और प्रशासन तक पहुंचाने का काम किया। उनकी पत्रकारिता में जनसरोकार हमेशा केंद्र में रहे। यही वजह रही कि उन्होंने जिले की पत्रकारिता में अपनी एक अलग पहचान बनाई।

गुप्ता केवल समाचार लिखने वाले पत्रकार नहीं थे, बल्कि पत्रकारिता को समाज के प्रति जिम्मेदारी मानकर काम करने वाले वरिष्ठ पत्रकार के रूप में जाने जाते थे। बसंत गुप्ता के निधन की सूचना मिलते ही पत्रकारों, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों और उनके परिचितों का उनके निवास पर पहुंचना शुरू हो गया था। हर कोई नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता नजर आया। उनके लंबे पत्रकारिता जीवन और समाज के प्रति योगदान को याद करते हुए लोगों ने कहा कि उनकी कमी लंबे समय तक महसूस की जाएगी।

बसंत गुप्ता का जाना आगर मालवा की पत्रकारिता के लिए ऐसा खालीपन छोड़ गया है, जिसे भरना आसान नहीं होगा। करीब पांच दशक तक अपनी कलम से जनहित की आवाज बुलंद करने वाला यह वरिष्ठ पत्रकार अब हमारे बीच नहीं है, लेकिन उनकी लेखनी, उनका अनुभव और पत्रकारिता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनी रहेगी। उनके निधन के साथ ही जिले की पत्रकारिता के एक महत्वपूर्ण अध्याय का दुखद अंत हो गया।

नयाखेड़ा में ग्रामीणों के चंदे की राशि देने का दावा

सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ किशनगढ़ ताल



ग्राम पंचायत तालोद में विकास कार्यों को लेकर ग्रामीणों द्वारा लगातार शिकायतें किए जाने का मामला सामने आया है। बुधवार को ग्राम पंचायत के उपसरपंच अंजय सिंह पंवार के साथ शिवम बामनिया एवं तुफान सिंह चौहान ने ग्राम नयाखेड़ा पहुंचकर सड़क निर्माण से जुड़े मामले का निरीक्षण किया। इस दौरान ग्रामीणों ने सड़क निर्माण के लिए निजी स्तर पर एकत्र की गई राशि ग्राम पंचायत के सरपंच को दिए जाने के बावजूद सड़क निर्माण नहीं होने का आरोप लगाया। ग्रामीण गोवर्धन सिंह चौहान एवं गोपाल सिंह ने बताया कि नयाखेड़ा में निजी खेतों की ओर जाने वाली सड़क के निर्माण के लिए ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से करीब 1 लाख 10 हजार रुपये एकत्र कर सरपंच सुरेश पोरवाल को दिए थे। ग्रामीणों का दावा है कि राशि दिए जाने के बावजूद आज तक सड़क पर एक ट्रॉली मुरम तक नहीं डाली गई। उनका कहना है कि सड़क निर्माण को लेकर जेसीबी से कुछ कार्य कराया गया था तथा सड़क स्वीकृत होने और नाला निर्माण की बात भी कही गई थी, लेकिन सड़क का निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ। ग्रामीणों ने राशि दिए जाने से संबंधित प्रमाण उपलब्ध होने की बात कहते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उनका कहना है कि यदि सड़क कार्य स्वीकृत हुआ था तो अब तक निर्माण क्यों नहीं हुआ, इसकी जांच कर स्थिति स्पष्ट की जानी चाहिए।

सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायतें

ग्रामीणों के अनुसार नयाखेड़ा से जुड़े विभिन्न मामलों को लेकर करीब दस लोगों ने सीएम हेल्पलाइन पर शिकायतें दर्ज कराई हैं। इनमें सुरेश सिंह, लखन सिंह, गोपाल सिंह, राघु सिंह, बालू सिंह एवं धारू सिंह सहित अन्य शिकायतकर्ता शामिल बताए गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इन शिकायतों पर अभी तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई है। निरीक्षण के दौरान उपसरपंच अंजय सिंह पंवार, शिवम बामनिया एवं तुफान सिंह चौहान ने ग्रामीणों को मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया।

उपसरपंच ने खोला मोर्चा

गौरतलब है कि ग्राम पंचायत तालोद के उपसरपंच अंजय सिंह पंवार द्वारा पंचायत में विभिन्न कार्यों को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। वहीं शिवम बामनिया भी पूर्व में पंचायत के विकास कार्यों को लेकर शिकायतें कर चुके हैं। उन्होंने सड़क निर्माण से संबंधित पूर्व शिकायत का उल्लेख करते हुए कार्य में पारदर्शिता की मांग की है।

इनका कहना है

मैं पिछले 15 साल से सरपंच हूं, ऐसे छोटे-मोटे आरोप लगते रहते हैं, मैंने कोई राशि का दुरुपयोग नहीं किया है। रोड की बात है तो काम करवा दिया जाएगा।

सुरेश पोरवाल, सरपंच तालोद

तालोद ग्राम पंचायत की सीएम हेल्पलाइन की शिकायती की जानकारी मुझे नहीं है ऑफिस जाकर जानकारी निकाल कर बताऊंगा

इंदर सिंह मंडलोई, पीसीओ जनपद पंचायत आलोट

मेरे द्वारा रोड निर्माण के लिए एक लाख से अधिक की राशि ग्राम पंचायत के सरपंच सुरेश पोरवाल को दी थी आज दिनांक तक रोड निर्माण नहीं करवाया गया है

गोवर्धन सिंह चौहान शिकायत कर्ता, नयाखेड़ा तालोद

खबर संक्षेप

महाराणा प्रताप के नाम से होगा मंडी चौराहा



देवास। देवास शाजापुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी द्वारा 27 दिसम्बर को कलेक्टर, जिला देवास को पत्र लिखा गया था। सोलंकी ने पत्र में ग्राम पंचायत, भैंसुनी स्थित विजयागंज मंडी चौराहा का नामकरण भारतीय शौर्य, स्वाभिमान के प्रतीक महाराणा प्रताप चौराहा किए जाने का प्रस्ताव रखा था। सांसद सोलंकी ने इसी प्रकार 27 दिसम्बर 2025 को पत्र के माध्यम से कलेक्टर के समक्ष जिले के विकास खण्ड टोंकखुर्द के ग्राम खरेली स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का नामकरण देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न पंडित अटल बिहारी वाजपेयी के नाम से किए जाने का प्रस्ताव प्रेषित किया था । कलेक्टर ऋतुराज सिंह द्वारा सांसद सोलंकी के इन दोनो प्रस्ताव पर समस्त कार्यवाही, प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी मार्गदर्शी सिद्धांत के आधार पर विजयागंज मंडी चौराहा को महाराणा प्रताप चौराहा एवं खरेली स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को पंडित अटल बिहारी वाजपेयी किए जाने सम्बन्धी अधिसूचना जारी की गई है । अधिसूचना की प्रति जनसंपर्क विभाग सहित शासन, प्रशासन के संबंधित विभागों को प्रेषित की है।

किसानों ने अपनी समस्याओं को लेकर निकाली ट्रैक्टर रैली, सौंपा ज्ञापन

लाभकारी मूल्य, कर्जमाफी, फसल बीमा और जिले को सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग

समस्याओं के निराकरण हेतु राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ, मालवा-निमाड़ प्रांत के नेतृत्व में किसानों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



किसानों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ, मालवा-निमाड़ प्रांत के नेतृत्व में बुधवार को ट्रैक्टर और पैदल रैली निकाली गई। एबी रोड से शुरू हुई रैली में किसान हाथों में संगठन के झंडे लेकर नारेबाजी करते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। यहां जिलाध्यक्ष गगन सिंह पटेल के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।ज्ञापन में महासंघ ने सभी कृषि उपज का लागत के आधार पर सी2+50 प्रतिशत के अनुसार लाभकारी मूल्य निर्धारित करने की मांग की।

साथ ही किसानों को शासकीय एवं अर्धशासकीय ऋण से मुक्त करने और समर्थन मूल्य पर उपज खरीदी सुनिश्चित करने की मांग रखी गई। संगठन ने वर्ष 2018 से अब तक फसल बीमा राशि राजस्व एवं कृषि विभाग की अनावरी रिपोर्ट के आधार पर किसानों को दिए जाने की मांग की। साथ ही सेटेलाइट आधारित सर्वे में कथित अनियमितताओं को रोकने तथा भूमि सीमांकन के लिए पुराने नक्शों और खसरों को आधार बनाने की मांग की।

ज्ञापन में दूध का भाव 12 रुपए प्रति फैट करने, भावांतर योजना बंद करने और सभी मंडियों में मंडी एक्ट 1972 का पालन सुनिश्चित करने की मांग भी शामिल रही। इंदिरा सागर, ओंकारेश्वर और सरदार सरोवर परियोजनाओं से प्रभावित किसानों को समान मुआवजा देने तथा रासायनिक खाद की ई-टोकन व्यवस्था समाप्त कर आवश्यकता के अनुसार खाद उपलब्ध कराने की मांग की गई।महासंघ ने सिंचाई के लिए दिन में 12 घंटे सतत बिजली आपूर्ति, सोयाबीन में पीला मोजेक रोग से हुए नुकसान का सर्वे कर मुआवजा एवं बीमा राशि देने की मांग की। वहीं जिले में अल्पवर्षा को देखते हुए जिले को सूखाग्रस्त घोषित करने और सभी शासकीय वसूली पर रोक लगाने की मांग भी ज्ञापन में रखी गई। इस दौरान प्रदेश संगठन मंत्री घनश्याम पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष लाल सिंह बागवान, प्रांतीय अध्यक्ष कैलाश चौधरी, संभागीय अध्यक्ष मानसिंह कोठारी, संगठन मंत्री गोपाल पाटीदार सहित संगठन के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। जानकारी जिला मीडिया प्रभारी संदीप प्रजापति ने दी।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव जिले के पुंजापुरा में आज आयोजित होने वाले कार्यक्रम में होंगे शामिल

सेवा संकल्प बाइक यात्रियों से करेंगे संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा सेवा संकल्प अभियान के तहत गुरुवार को जिले के पुंजापुरा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वाराणसी से वडनगर के लिए निकाली गई 'सेवा संकल्प बाइक यात्रा' में शामिल बाइक राइडर्स से संवाद करेंगे।पुंजापुरा में आयोजित कार्यक्रम में सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, बागली विधायक मुरली भंवरा एवं राय सिंह सेंधव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में गणमान्य नागरिकों के साथ बड़ी संख्या में आमजन भी सहभागिता करेंगे।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत वाराणसी से वडनगर तक विशेष बाइक यात्रा निकाली जा रही है। 17 सितंबर को वाराणसी से रवाना हुई इस यात्रा में 250 बाइकों पर 500 सेवा यात्री शामिल हैं। यात्रा विभिन्न राज्यों के अनेक जिलों एवं गांवों से होकर वडनगर पहुंचेगी।यात्रा के दौरान सेवा, जनसंवाद और राष्ट्रीय एकता से जुड़े संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विभिन्न गतिविधियां भी आयोजित की जा रही हैं। यात्रा में विभिन्न स्थानों पर प्रधानमंत्री मोदी के सार्वजनिक जीवन एवं उपलब्धियों से संबंधित सामग्री प्रदर्शित करने वाले वाहन भी शामिल हैं।

श्री राजपूत करणी सेना ने मनाया स्थापना दिवस



देवास। श्री राजपूत करणी सेना जिला कार्यालय ग्राम खटाम्बा पर श्री राजपूत करणी सेना के 20 वें स्थापना दिवस पर संस्थापक स्व. लोकेन्द्रसिंह कालवी की याद में दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संगठन के समस्त कार्यकर्ताओं ने शपथ भी ली। संगठन जिलाध्यक्ष देवेन्द्रसिंह ने बताया कि हम संगठन का स्थापना दिवस मना रहे हैं। श्री राजपूत करणी सेना की स्थापना लोकेन्द्रसिंह कालवी ने 23 सितम्बर 2006 को की थी। हम श्री कालवी के विचारों पर चलते रहेंगे, समाज और देश के लिए हम सदैव खड़े रहेंगे। यूजीसी जैसे काले कानून का हम पूर्ण रूप से विरोध करते हैं हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपालसिंह मकराणा के साथ हम हमेशा कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे। विगत दिनों प्रदेश अध्यक्ष विशालसिंह रघुवंशी के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा सवर्ण यात्रा देशनोक बिकानेर से जयपुर तक व पानीपत से चंडीगढ तक निकाली गई थी जिसमे हमारी टीम पूरे समय मौजूद रही । बहुत जल्द ही मध्यप्रदेश में भी यात्रा प्रारंभ करेंगे। इस अवसर पर राजवीर सिंह, सावरा बन्ना , सुमित बन्ना, गणपत सिंह, भीम सिंह, अजय भोले, नैतिक बन्ना, आयुष चौधरी, तुसार बन्ना, देवराज बन्ना, चिराग़, हनी सिंह ,चिराग़ बन्ना आदि उपस्थित थे।

डोल ग्यारस पर निकला भव्य चल समारोह डोल के आगे अनूठा नृत्य बना आकर्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



डोल ग्यारस के अवसर पर बुधवार को नगर भौरासा में विभिन्न मंदिरों और समाजों के डोल का भव्य चल समारोह निकाला गया। नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए सभी डोल सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पहुंचे, जहां वसूली पटेल यशवंत सिंह राजपूत, नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी व मनोज जोशी की मौजूदगी में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद डोल नगर भ्रमण करते हुए गऊघाट पहुंचे।कार्यक्रम में सोनकच्छ विधायक डॉ. राजेश सोनकर, मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावड़ा और नगर परिषद उपाध्यक्ष जय सिंह राणा मौजूद रहे। विधायक सोनकर ने सभी डोल की पूजा-अर्चना की। इस दौरान विभिन्न समाजों के अध्यक्षों और पुजारियों का साफा बांधकर एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। नगर परिषद की ओर से समाज के वरिष्ठजनों का भी सम्मान किया गया। डोल ग्यारस समारोह की एक अनूठी परंपरा डोल के आगे नृत्य और भजन प्रस्तुत करने की भी है। इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। माली समाज के डोल के आगे ट्रॉले पर भजन मंडली ने राधा-कृष्ण के भजनों की प्रस्तुति दी। भजन गायक आयुष माली ने भजनों की प्रस्तुति दी। इस दौरान विधायक डॉ. राजेश सोनकर भी भजनों पर नाचते-गाते नजर आए।

गणेश पंडाल के पास जुआ खेलते छह गिरफ्तार



देवास। गणेश पंडाल के पास जुआ खेल रहे छह लोगों को कोतवाली पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के तहत गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से 4,450 रुपए नकद, 52 ताश के पत्ते और चार एंड्रॉयड मोबाइल जब्त किए हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।पुलिस के अनुसार 22 सितंबर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सरस्वती स्कूल के पीछे भोसले कॉलोनी की गली में गणेश पंडाल के समीप कुछ लोग ताश के पत्तों पर रुपए-पैसों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर कोतवाली पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर दबिश दी।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विवेक अहिरवार, इमरान मेहबूब खान, राहुल गुर्जेवार, आकाश पटेल, सोहेल शेख और इमरान उर्फ गुजरी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपियों के खिलाफ पहले से भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। छह आरोपियों के खिलाफ कुल 18 पूर्व प्रकरण दर्ज होना बताया गया है। इनमें इमरान मेहबूब खान के खिलाफ आठ, इमरान उर्फ गुजरी के खिलाफ चार, राहुल गुर्जेवार और सोहेल शेख के खिलाफ दो-दो तथा विवेक अहिरवार और आकाश पटेल के खिलाफ एक-एक पूर्व प्रकरण दर्ज है।कार्रवाई थाना प्रभारी निरीक्षक शशिकांत चौरसिया के नेतृत्व में उप निरीक्षक शिवनारायण सोलंकी, आरक्षक उदय और आरक्षक सत्येंद्र ने की।

सिविल लाइन थाना पुलिस ने चाकूबाजी के दो आरोपी 12 घंटे में किए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



सिविल लाइन थाना क्षेत्र में पैसों के हिसाब को लेकर हुए विवाद में चाकूबाजी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने घटना के 12 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त चाकू और बाइक भी जब्त की है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।पुलिस के अनुसार बारोड़ पिपल्या प्रतीक्षालय के पास पैसों के हिसाब को लेकर विवाद हुआ था। इसी दौरान गाली-गलौज के बाद आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से चाकूबाजी की।

मामले में सिविल लाइन थाने में अपराध क्रमांक 532/2026 के तहत धारा 109(1), 296, 351(3) और 3(5) बीएनएस में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई।घटना की गंभीरता को देखते हुए अधिकारियों के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह लोधी के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। टीम ने आरोपियों की तलाश शुरू की और लगातार पतारसी करते हुए पुवार्डा फाटा पर घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सद्दाम शाह (34) निवासी ग्राम बांगर और इरफान शाह (40) निवासी ग्राम बांगर, जिला देवास के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों से घटना में प्रयुक्त एक चाकू और एक बाइक जब्त की है। दोनों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।कार्रवाई में थाना प्रभारी विजय सिंह लोधी, सउनि कमलपुरी गोस्वामी, प्रधान आरक्षक संतोष रावत, पवन पटेल, आरक्षक अरुण चावड़ा, राजाराम और नंदकिशोर मीणा की भूमिका रही।

जिला जेल में शिविर आयोजित कर मनाया गया आयुर्वेद दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

'स्वस्थ भविष्य के लिए आयुर्वेद' थीम को केंद्र में रखकर बुधवार को जिलेभर में कई जगह आयुर्वेद दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर लगभग 35 से ज्यादा ग्रामीण स्तर पर आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति आधारित आरोग्य शिविर लगाए गए, जिसमें हजारों रोगियों को निशुल्क निदान, परामर्श और विभिन्न ज़रूरी जाँचों के साथ औषधियाँ प्रदान की गईं।

मुख्य आयोजन जिला जेल में हुआ, यहाँ लगभग 137 रोगियों का परीक्षण, निदान और परामर्श करने के साथ उन्हें निशुल्क औषधियाँ प्रदान की गईं। 65 रोगियों की शर्करा और रक्तचाप की जाँच की गई। डॉ सुभाष चंद्र भार्गव, डॉ प्रीति बाला पाटीदार, तथा डॉ. कल्पना चौहान ने चिकित्सकीय परामर्श दिया। उपस्थित लगभग डेढ़ सौ से ज्यादा लोगों को डॉ प्रांजलि भारद्वाज ने रसोईघर में आयुर्वेद से स्वास्थ्य, डॉ. नीरज गुप्ता ने ऋतुचर्या से, डॉ संजीव पाटीदार ने नियमित योगाभ्यास से तथा डॉ. दीपेश सोलंकी ने औषधीय पौधों की जानकारी देते हुए निरोग रहने के गुर सीखाए।

जेल अधीक्षक विद्याभूषण प्रसाद ने धन्वंतरि पूजन के साथ आयोजन का शुभारम्भ करते हुए कहा कि आयुर्वेद हमारे पुरखों के समय से चली आ रही और भारत में फली-फूली चिकत्सा पद्धति है, जो रोग होने पर ही नहीं, बल्कि स्वस्थ प्राकृतिक जीवन शैली अपनाकर निरोग रहने पर जोर देती है।

सेवा संकल्प यात्रा का किया स्वागत



देवास। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नगर से वाराणसी तक आयोजित रूट क्रमांक एक की जल जन सेवा संकल्प यात्रा का जिले की डबल चौकी सीमा में आगमन हुआ। यात्रा के आगमन पर भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ रायसिंह सेंधव, विधायक मुरली भवरा, पूर्व जिलाध्यक्ष बहादुर मुकाती, जिला महामंत्री राजेश यादव, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष रजत पाल सिंह, प्रदेश मंत्री आशीष झाला, महामंत्री मोहित जाट, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष टिकेंद्रप्रपसिंह, कुलदीप पटेल ने पुष्पवर्षा कर भव्य अगवानी की। यात्रा के मार्ग में विभिन्न सेवा कार्यों एवं जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। देवास जिले की सीमा में प्रवेश के अवसर पर यात्रा में शामिल बाइक सवारों जेसीबी के माध्यम से पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। यात्रा के देवास आगमन से कार्यकर्ताओं में उत्साह का वातावरण रहा। उक्त जानकारी जिला मीडिया सह प्रभारी रवि चौहान गोलू द्वारा दी।

एशियाई खेलों में सॉफ्ट टेनिस में पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने जय

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मध्यप्रदेश के देवास निवासी भारतीय सॉफ्ट टेनिस खिलाड़ी जय मीणा ने एशियाई खेलों में इतिहास रच दिया। पुरुषों की एकल सॉफ्ट टेनिस स्पर्धा में जय मीणा ने कांस्य पदक अपने नाम किया। वह एशियाई खेलों में इस स्पर्धा में पदक जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं।सेमीफाइनल मुकाबले में जय मीणा को जापान के तुकोया कुरोसाका के हाथों 2-4 से हार का सामना करना पड़ा। हालांकि सेमीफाइनल में पहुंचने के साथ ही उन्होंने कांस्य पदक पक्का कर लिया। इस उपलब्धि के साथ जय मीणा ने भारतीय सॉफ्ट टेनिस में नया अध्याय जोड़ दिया। देवास के रहने वाले जय मीणा इससे पहले 2018 और 2022 के एशियाई खेलों में भी भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। हालांकि दोनों ही प्रतियोगिताओं में वह पदक दौर तक पहुंचने में सफल नहीं हुए थे। इस बार उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक हासिल किया।जय मीणा वर्ष 2022 के राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक जीत चुके हैं। इसके अलावा वर्ष 2024 की विश्व सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप की मिश्रित युगल स्पर्धा में भी उन्होंने कांस्य पदक जीता था। अब एशियाई खेलों में पुरुष एकल का कांस्य पदक जीतकर उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी उपलब्धियों में एक और महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ दिया है।

उल्लास एक अभिनव प्रयोग के तहत जिला न्यायालय में हुआ व्याख्यान

गैर-जरूरी चीज खरीदने से पहले 48 घंटे रुकें: डॉ. टंडन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



आज एक क्लिक पर ख़रीदारी हो जाती है, इसलिए पैसा भी उतनी ही आसानी से निकल जाता है। किसी भी गैर-ज़रूरी चीज़ को ख़रीदने से पहले 48 घंटे रुक जाइए। अगर ज़रूरत सच्ची है तो इच्छा बनी रहेगी, वरना अपने आप ख़त्म हो जाएगी।

यह बात वेल बीइंग शिक्षा फाउंडेशन, नई दिल्ली की संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक डॉ. नीलम टंडन ने शनिवार को ₹वित्तीय साक्षरता एवं कल्याण₹ विषय पर अपने व्याख्यान में कही।मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की पहल 'उल्लास – एक अभिनव प्रयोग' के अंतर्गत यह कार्यक्रम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से हुआ। जिला मुख्यालय देवास के साथ सोनकच्छ, टोंकखुर्द, बागली, कन्नौद और खातेगांव के तहसील न्यायालय भी इससे जुड़े। जिले के सभी न्यायिक अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में अधिवक्ता वर्चुअल रूप से शामिल हुए।डॉ. टंडन ने सरल उदाहरणों से समझाया कि बचत की शुरुआत आय से नहीं, ख़र्च की समझ से होती है। उन्होंने कहा कि वेतन बढ़े तो जीवनशैली से पहले बचत बढ़नी चाहिए। बीमा सुरक्षा के लिए है और निवेश संपत्ति बनाने के लिए, इसलिए दोनों को मिलाकर न देखें। हर साल अपनी वित्तीय स्थिति, नॉमिनी और वसीयत की समीक्षा करने तथा सेवानिवृत्ति के बाद नियमित आय की योजना बनाने की सलाह भी उन्होंने दी। ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के लिए उन्होंने सेबी, एम्फी, आरबीआई रिटेल डायरेक्ट और साइबर क्राइम पोर्टल जैसे आधिकारिक स्रोतों की जानकारी भी दी गई।प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कपिल मेहता ने बताया कि 'उल्लास' माननीय न्यायमूर्ति श्री आनंद पाठक की परिकल्पना है।

वर्ष 2024 में ग्वालियर खंडपीठ से शुरू हुई यह पहल अब माननीय उच्च न्यायालय द्वारा प्रदेश के सभी जिला न्यायालयों में लागू की गई है, ताकि न्यायिक परिवार काम के तनाव से उबरकर शारीरिक, मानसिक और आर्थिक रूप से सशक्त हो सके। उन्होंने ऐसे आयोजनों को समय की आवश्यकता बताया। आयोजित हुए कार्यक्रम में न्यायमूर्ति आनंद पाठक भी कुछ समय के लिए कार्यक्रम से वर्चुअल रूप से जुड़े।नवनियुक्त न्यायिक अधिकारियों और कर्मचारियों ने बचत, निवेश और पेंशन को लेकर खुलकर सवाल पूछे, जिनका डॉ. टंडन ने विस्तार से उत्तर दिया। अंत में जिला अभिभाषक संघ, देवास के अध्यक्ष राम प्रसाद सूर्यवंशी ने इस अनूठे आयोजन के लिए देवास को चुनने पर उच्च न्यायालय का आभार माना।

अखाड़े के साथ नगर में निकला डोल

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



जलझूलनी ग्यारस के अवसर पर बुधवार को चापड़ा नगर में श्रीराम मंदिर अखाड़े के नेतृत्व में पारंपरिक ढोल चल समारोह निकाला गया। श्रीराम मंदिर से शुरू हुए चल समारोह में अखाड़े के युवा और बच्चे करतब दिखाते करते हुए दिखाई दिए।चल समारोह के दौरान नगर के विभिन्न स्थानों पर महिलाओं ने ढोल का पूजन किया। चौराहे पर प्रदीप कुमार जैन द्वारा खिचड़ी प्रसादी का वितरण किया गया। इसके बाद ढोल अखाड़े के साथ तालाब पहुंचा, जहां परंपरानुसार भगवान को जल में झुलाया गया। इस अवसर पर गणेशदास वैष्णव, दीनदयाल वैष्णव, संदीप वैष्णव और अरुण वैष्णव का साफा बांधकर स्वागत किया गया। वहीं वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुसार रामजी परिवार के आनंदीलाल पाटीदार, सूरजमल पाटीदार, दिनेश पाटीदार, रमेश पाटीदार और जगदीश पाटीदार ने श्रद्धालुओं को दूध का वितरण किया।

खबर संक्षेप

युवक को रोककर हथियार से हमला किया

ललितपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र में एमईएस ग्राउंड के गेट के पास मंदिर जा रहे एक युवक को रास्ते में रोककर मारपीट करने और धारदार हथियार से चोट पहुंचाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। शिकायत के आधार पर कोतवाली पुलिस ने तीन नामजद समेत 1-2 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इलाइट चौराहा निवासी हरीश पांडिया पुत्र घनश्यामदास पांडिया बीती रात करीब 10 बजे अपने घर से बड़ापुरा स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर जा रहे थे। आरोप है कि जब वह एमईएस ग्राउंड के गेट के पास पहुंचे, तो वहां पहले से मौजूद कुछ लोगों ने उन्हें रोक लिया। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान धारदार हथियार और लाठी-डंडों से हमला कर गंभीर चोट पहुंचाने का आरोप लगाया गया है। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए। पुलिस ने वसंत विहार कॉलोनी, वंशीपुरा निवासी विनय बबेले पुत्र अशोक बबेले, मोहल्ला इलाइट चौराहा निवासी शिवम सुड़ेले पुत्र रोहित सुड़ेले, जीतू कुशवाहा पुत्र स्व. शोभाराम कुशवाहा और 1-2 अन्य अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

छत्तीसगढ़ में महिला यात्री का बैग चोरी

ललितपुर। छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में सफर कर रही 22 वर्षीय महिला यात्री का पिटठू बैग अज्ञात चोर ने उस समय चोरी कर लिया, जब वह ट्रेन में सो रही थी। बैग में नकदी, सोने की चेन, महत्वपूर्ण दस्तावेज और अन्य सामान रखा हुआ था। घटना धौर्रा रेलवे स्टेशन के पास की बताई गई है। शिकायत के आधार पर जीआरपी थाना ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता ईडब्ल्यूएस 712, ठाचा भवन, भिलाई नगर, दुर्ग, छत्तीसगढ़ निवासी मिताली चौहान पत्नी बिहारी मेहतो 21 अगस्त को ट्रेन संख्या 18238 छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में यात्रा कर रही थीं। महिला यात्री ए-6 कोच की बर्थ नंबर 23 पर सवार थीं। दोपहर 3.10 बजे से शाम 5 बजे के बीच धौर्रा रेलवे स्टेशन के पास उनके काले रंग के पिटठू बैग पर हाथ साफ कर दिया। जीआरपी द्वारा आरोपी की पहचान और चोरी गए सामान की बरामदगी के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की जांच के बाद ही चोरी की घटना और आरोपी की पहचान के संबंध में स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

प्रशिक्षु पीसीएस अधिकारियों को जानकारियां दी

ललितपुर। जनपद भ्रमण पर पहुंचे प्रशिक्षु पीसीएस अधिकारियों के दल के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष बैठक एवं ब्रीफिंग सत्र का आयोजन किया गया। अध्यक्षता एडीएम (वित्त एवं राजस्व) दिनेश कुमार ने की। बैठक के दौरान प्रशिक्षु अधिकारियों को ललितपुर की भौगोलिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, पर्यटन, राजस्व, कृषि, सिंचाई और प्रशासनिक व्यवस्थाओं से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रस्तुतियों के माध्यम से दी गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में एडीएम (वित्त एवं राजस्व) एवं कोषाधिकारी ने दलनायक नितिन कुमार सहित सभी प्रशिक्षु पीसीएस अधिकारियों का बुके भेंटकर स्वागत किया। बैठक में एडीएम दिनेश कुमार ने प्रशिक्षु अधिकारियों को जिले की भौगोलिक स्थिति, ऐतिहासिक पृष्ठभूमि एवं सांस्कृतिक विशेषताओं से विस्तारपूर्वक अवगत कराया। इसके बाद उपजिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र विक्रम ने जिले के प्रशासनिक मामलों, राजस्व संबंधी प्रकरणों, कृषि व्यवस्था और स्थानीय औषधीय वातावरण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता भूपेश सुहेरा ने पीपीटी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जनपद में उपलब्ध जल संसाधनों तथा प्रमुख बांधों की स्थिति के बारे में प्रशिक्षु अधिकारियों को जानकारी दी। पर्यटन अधिकारी हेमलता ने ललितपुर को पर्यटन की दृष्टि से समृद्ध जनपद बताते हुए यहां स्थित पुरातात्विक, ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के स्थलों का सचित्र प्रस्तुतीकरण किया।

डीएम एवं एसएसपी ने नंगे पांव पहुंचकर श्रद्धालुओं के साथ की पूजा-अर्चना

चाक-चौबंद प्रशासनिक व्यवस्थाओं के बीच संपन्न किया जल विहार महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



बुंदेलखंड की ऐतिहासिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान से जुड़े सुप्रसिद्ध जल विहार महोत्सव का आयोजन श्रद्धा, आस्था और उल्लास के वातावरण में सकुशल संपन्न हुआ। ललितपुर की आस्था के इस महाकुंभ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों ने सहभागिता कर भगवान के दर्शन एवं पूजा-अर्चना की। जल विहार महोत्सव को लेकर जिला प्रशासन एवं नगर पालिका परिषद द्वारा की गई चाक-चौबंद व्यवस्थाओं के बीच पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा, यातायात, साफ-सफाई, प्रकाश एवं घाटों की व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया गया। प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों द्वारा लगातार व्यवस्थाओं की निगरानी की गई, जिससे आयोजन शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक संजीव बाजपेई ने स्वयं आयोजन स्थल पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और श्रद्धालुओं के बीच पहुंचकर धार्मिक आयोजन में सहभागिता की। दोनों अधिकारियों ने नंगे पांव चलकर डोलों में विराजमान भगवान के दर्शन किए, विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रसाद प्राप्त किया तथा महाआरती में सम्मिलित होकर श्रद्धालुओं के साथ आस्था एवं भक्ति का अनुभव साझा किया।

महाआरती पर जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने जिले की सुख-शांति, समृद्धि एवं निरंतर विकास की कामना करते हुए भगवान से प्रार्थना की। प्रशासनिक अधिकारी के रूप में अपनी जिम्मेदारियों के साथ धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति उनकी सहभागिता ने आयोजन को एक आत्मीय भाव प्रदान किया। जल विहार महोत्सव के दौरान सुम्मेरा तालाब सहित प्रमुख घाटों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए। पुलिस बल की तैनाती, यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था, प्रकाश, साफ-सफाई तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए गए। प्रशासन एवं पुलिस की टीमों ने पूरे आयोजन के दौरान सतर्क रहकर व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखा। नगर पालिका परिषद द्वारा भी महोत्सव से पूर्व नगर की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, मार्गों की दुरुस्ती एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को प्राथमिकता के साथ पूरा कराया गया।

देवगढ़ में गोपालजी का बैत्रवती गंगा में कराया गया जल विहार

ललितपुर। जलझूलनी एकादशी के पावन अवसर पर ग्राम देवगढ़ में भगवान श्री गोपाल जी का भव्य विहार एवं जल विहार श्रद्धा, भक्ति और धार्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ। श्री पशुपतिनाथ महादेव मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना के पश्चात भगवान श्री गोपाल जी को सुसज्जित विमान में विराजमान कराया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं द्वारा श्री राम नाम संकीर्तन करते हुए भगवान की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा ग्राम देवगढ़ के प्रमुख मार्गों से होकर निकली, जहां जगह-जगह श्रद्धालुओं एवं ग्रामवासियों ने भगवान का स्वागत एवं पूजन किया। भगवान श्री गोपाल जी ने ग्राम के विभिन्न मार्गों से होते हुए भक्तों के घर-घर पहुंचकर उनकी सेवा स्वीकार की। इस दौरान वातावरण भगवान के जयकारों एवं श्री राम नाम संकीर्तन से भक्तिमय हो उठा। शोभायात्रा के पश्चात श्री पशुपतिनाथ महादेव मंदिर के समीप स्थित पावन घाट पर भगवती बैत्रवती गंगा मैया में भगवान श्री गोपाल जी का विधिवत जल विहार कराया गया। इस पावन अवसर पर पुजारी संजय कुमार बबेले, सुरेंद्र तिवारी, सुरेश तिवारी, रामगोपाल तिवारी, उमाकांत तिवारी, शैलेंद्र तिवारी, सुशील तिवारी, पंचम सिंह यादव, महेंद्र कुमार, पुष्पेंद्र यादव, बलवंत यादव, करण सिंह यादव, जगत सिंह यादव, राम सिंह यादव, मंगल सिंह यादव, राजेंद्र सिंह यादव, जसवंत सिंह यादव, दारा सिंह यादव, कपूर सिंह यादव, जसराज सिंह यादव, देवेंद्र यादव, भारत यादव, अनुराग यादव, नितेश यादव, रजउ सहरिया एवं देशराज सहरिया सहित समिति के सदस्यों, ग्रामवासियों एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

एएसएमसी के एमबीबीएस बैच-2025 का परिणाम

प्रथम वर्ष की परीक्षा में 100 में से 91 विद्यार्थियों ने हासिल की सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के एमबीबीएस बैच-2025 के प्रथम वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित हो गया है। परीक्षा परिणाम में महाविद्यालय के कुल 100 विद्यार्थियों में से 91 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं, जबकि 9 विद्यार्थी अनुत्तीर्ण रहे। इस तरह महाविद्यालय का कुल सफलता प्रतिशत 91 प्रतिशत रहा। परिणाम घोषित होने के बाद महाविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों और शिक्षकों के बीच खुशी का माहौल देखने को मिला।

एमबीबीएस प्रथम वर्ष की परीक्षा चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव मानी जाती है। परीक्षा परिणाम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में उत्साह देखने को मिला। विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय नियमित अध्ययन, कठिन परिश्रम, अनुशासन और महाविद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। आधिकारिक परिणाम के अनुसार, परीक्षा में शामिल कुल 100 विद्यार्थियों में से 91 विद्यार्थी सफल रहे, जबकि 9 विद्यार्थी परीक्षा में उत्तीर्ण नहीं हो सके। महाविद्यालय के इस परिणाम से शिक्षकों एवं स्टाफ में प्रसन्नता का माहौल है।

महाविद्यालय के प्रधानाचार्य ने परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के निरंतर मार्गदर्शन से यह उपलब्धि हासिल हुई है। उन्होंने विद्यार्थियों को आगे भी इसी लगन, अनुशासन और समर्पण के साथ अध्ययन जारी रखने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को यह संदेश भी दिया कि चिकित्सा शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करना नहीं है, बल्कि एक संवेदनशील, कुशल और जिम्मेदार चिकित्सक के रूप में स्वयं को तैयार करना भी है।

उन्होंने भविष्य में मरीजों के प्रति सेवा, संवेदनशीलता और मानवीय दृष्टिकोण बनाए रखने पर जोर दिया। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद महाविद्यालय के शिक्षकों एवं स्टाफ ने सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। कॉलेज परिवार ने विद्यार्थियों की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए भविष्य में भी शैक्षणिक गुणवत्ता और बेहतर परीक्षा परिणामों के लिए निरंतर प्रयास जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई।

निपुण भारत मिशन में बिरधा में 5 दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण संपन्न

प्राथमिक शिक्षकों, शिक्षामित्रों को नवीन शिक्षण पद्धति के बारे में बताया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



निपुण भारत मिशन के अंतर्गत ब्लॉक बिरधा स्थित बीआरसी केंद्र पर प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों एवं शिक्षामित्रों का पांच दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रशिक्षण का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी गौरव कुमार शुक्ला के सानिध्य में किया गया। इस दौरान शिक्षकों को नवीन शिक्षा पद्धति के अनुरूप शिक्षण कार्य करने तथा बच्चों को बुनियादी साक्षरता एवं संख्याज्ञान में दक्ष बनाने के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षकों ने कहा कि प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों एवं शिक्षामित्रों को नवीन शिक्षा पद्धति के अंतर्गत शिक्षण कार्य करना होगा। इससे शिक्षण व्यवस्था में सुधार लाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप बच्चों को भयमुक्त वातावरण में शिक्षा प्रदान करना आवश्यक है। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को खेल विधि एवं स्थानीय वातावरण के अनुरूप शिक्षण कार्य करने पर जोर दिया गया। कहा गया कि बच्चों की सीखने की क्षमता और उनकी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए शिक्षण गतिविधियों को प्रभावी बनाया जाना चाहिए। खंड शिक्षा अधिकारी गौरव कुमार शुक्ला ने प्रशिक्षण में उपस्थित प्रशिक्षुओं को कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप प्रत्येक बच्चे को निपुण भारत मिशन के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने शिक्षकों से प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारी को विद्यालयों में प्रभावी ढंग से लागू करने का आह्वान किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम 16 सितंबर से शुरू हुआ था, जिसका समापन 23 सितंबर को हुआ। प्रशिक्षण में शिक्षकों को एफएलएन के विभिन्न पहलुओं तथा बच्चों के अनुकूल शिक्षण पद्धतियों से संबंधित जानकारी दी गई।

बच्चों को डांटने के विवाद में घर में घुसकर लाठी-डंडों से हमला

मडवारी गांव में महिला, पति और बच्चों से मारपीट की

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

कोतवाली ललितपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मडवारी में बच्चों को डांटने को लेकर शुरू हुआ विवाद मारपीट में बदल गया। आरोप है कि पड़ोसियों समेत सात लोगों ने एकजुट होकर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। घटना में महिला, उसके पति, सास और बच्चों को चोटें आने की बात पुलिस से शिकायत में कही गई है। पीड़िता ने पति का गला दबाने, जान से मारने का प्रयास करने और मंगलसूत्र सहित अन्य सामान छीनने का भी आरोप लगाया है।

ग्राम मडवारी निवासी रामरती पत्नी दीपक 3 सितंबर 2026 की शाम करीब 7.20 बजे अपने घर के दरवाजे पर खड़ी होकर बच्चों को डांट रही थीं। आरोप है कि इसी दौरान पड़ोसी पंकज और तेजराम प्रधान वहां पहुंचे और रामरती तथा उनकी बेटी के साथ गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपी एकजुट होकर लाठी-डंडों से लैस होकर मौके पर पहुंचे और मारपीट शुरू कर दी। उनके पति दीपक, सास राजकुमारी और बच्चों को चोटें आईं। आरोप लगाया कि मारपीट के दौरान आरोपियों ने उनके पति दीपक की गर्दन दबाई और जान से मारने का प्रयास किया। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि घटना के दौरान गले का मंगलसूत्र और अन्य सामान टूटकर वहीं गिर गया। मोबाइल फोन भी फेंक दिए जाने का आरोप लगाया गया है। बच्चों की तबीयत खराब होने के कारण शिकायत दर्ज कराने में देरी हुई। पुलिस ने पंकज, तेजराम प्रधान पुत्रगण रामप्रसाद, रामप्रसाद व प्यारेलाल पुत्रगण भरोसे, रामसखी पत्नी रामप्रसाद, सपना पत्नी तेजराम, पुष्पा पत्नी पंकज के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

रेलवे स्टेशन के मुख्य गेट से मोटरसाइकिल चोरी

ललितपुर। ललितपुर रेलवे स्टेशन के मुख्य गेट के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है। ग्राम थनवारा निवासी एक व्यक्ति की बाइक अज्ञात चोर द्वारा चोरी किए जाने की शिकायत पर थाना कोतवाली ललितपुर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना जखौरा के ग्राम थनवारा निवासी अमरचन्द्र पुत्र भगवानदास ने बताया कि वह 9 सितंबर की रात करीब 9.50 बजे अपनी मोटर साइकिल संख्या यूपी 94 जेड 7466 ललितपुर रेलवे स्टेशन के मुख्य गेट के पास खड़ी करके गए थे। कुछ समय बाद वापस लौटने पर मोटरसाइकिल मौके से गायब मिली। आसपास तलाश करने के बावजूद वाहन का कोई पता नहीं चला। शिकायतकर्ता ने अज्ञात व्यक्ति पर मोटर साइकिल चोरी करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की। तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

रोबर्स-रेंजर्स का 3 दिवसीय शिविर प्रारंभ

जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अनुशासित युवा भारत राष्ट्र का भविष्यः डा.शास्त्री



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

नेहरू महाविद्यालय परिसर में नेमवि व आरएमवी के छात्र-छात्राओं का रोबर्स-रेंजर्स के तीन दिवसीय प्रवेश शिविर का शुभारम्भ समारोहपूर्वक किया गया। शिविर का शुभारम्भ प्राचार्य प्रो.डा.ओमप्रकाश शास्त्री ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। रोबर्स-रेंजर्स के महत्व पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओं ने प्रत्येक युवा का आवाह्मन किया कि वह अन्त्रराष्ट्रीय संगठन स्काउट गाइड से जुडकर समाजसेवा, देशभक्ति, अनुशासन, सत्यनिष्ठा जैसे गुणों के द्वारा राष्ट्र के विकास में योगदान करें। प्राचार्य ने कहा कि कहा कि देश को समृद्धशाली एवं शक्तिमान बनाने हेतु विद्यार्थियों का सुशील, सदाचारी एवं संस्कारवान होना आवश्यक है।

आज की शिक्षा पद्धति में संस्कारों का अभाव है जिसकी पूर्ति के लिए स्काउट गाइड जैसे संगठन संस्कारवान एवं सदाचारी योग गुरूजनों के नेतृत्व में युवाओं को विनम्र, चरित्रवान, अनुशसित, कर्मठ, ईमानदार एवं देशप्रेमी बनाने हेतु कृत संकल्प हैं। उन्होंने कहा कि नैतिक व चारित्रिक मूल्यों की स्थापना, व्यक्तित्व का विकास करने के लिए स्काउट गाइड की स्थापना की गई है। इससे जुड़ कर युवक राष्ट्र निर्माण में अपनी महती भूमिका निभायें। उन्होंने तीन दिवसीय शिविर की में नेमवि एवं आरएमवी के रोबर्स-रेंजर्स शिविर में 12 तकनीकी प्रतियोगितायें सम्पन्न कराई जायेगी एवं प्रतियोगिताओं के माध्यम से समाजसेवा, अनुशासन, ईश्वर के प्रति निष्ठा, कर्तव्यपरायणता का प्रशिक्षण दिया जायेगा।

जिला प्रशिक्षण आयुक्त डा.राजीव निरंजन ने कहा कि विद्यार्थी का चरित्र निर्माण शिक्षक के द्वारा ही हो सकता है। आचार्य अपने आचरण द्वारा विद्यार्थियों को आदर्श व्यक्ति बनाने का प्रयास करें। इस शिविर के माध्यम से गुरु शिष्य परम्परा को पुनर्जीवित कर विद्यार्थियों को भावी जीवन की शिक्षा, भारतीय संस्कृति व नैतिक मूल्यों, सेवा भाव को दिये जाने से निश्चित तौर पर उनमें बदलाव आयेगा। नवयुवकों में बदलाव आने से निश्चित ही भारत की तकदीर बदल जायेगी। शिविर में स्काउट गाइड की तकनीकी जानकारी के साथ ही टेंट निर्माण, पुल निर्माण, प्राथमिक चिकित्सा, व्यायाम आदि का प्रशिक्षण दिया जायेगा। रामवि की रेंजर्स प्रभारी डा.अनुराधा सिंह ने कहा कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अनुशासन आवश्यक है। जो विद्यार्थी छात्र जीवन में अनुशासित रहकर अध्ययन करेंगे वह परिश्रम निष्ठा एवं मेहनत के द्वारा श्रेष्ठ ऊंचाइयों तक पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन महत्वपूर्ण है। इस दौरान भविष्य का निर्माण होता है।

स्काउट गाइड संगठन अनुशासन, सेवा भाव एवं अच्छाइयों के लिए पूरी दुनिया में जाना जाता है। उन्होंने शिक्षकों से अपील की कि संस्कारवान युवा तैयार करें जिससे राष्ट्र का विकास होगा।

आउटसोर्सिंग से महिला सफाई कर्मचारी की नियुक्ति की मांग

वार्ड 12 में कर्मचारियों की कमी से सफाई प्रभावित होने पर पार्षद ने ईओ को सौंपा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 12 आजादपुरा तृतीय में लंबे समय से सफाई कर्मचारियों की कमी बनी हुई है। क्षेत्रफल और जनसंख्या अधिक होने के बावजूद पर्याप्त संख्या में सफाई कर्मचारियों की तैनाती नहीं होने से वार्ड की सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

समस्या के समाधान और वार्डवासियों को बेहतर सफाई सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वार्ड की पार्षद दीपा विनोद कुशवाहा ने नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी एवं अध्यक्ष को पत्र सौंपकर सफाई कर्मचारी की नियुक्ति की मांग की है। पार्षद द्वारा 17 नवंबर 2025 को प्रेषित पत्र में वार्ड नंबर 12 आजादपुरा तृतीय में सफाई कर्मचारियों की कमी का उल्लेख करते हुए आउटसोर्सिंग के माध्यम से सुचित्रा पत्नी बृजेंद्र को महिला सफाई कर्मचारी के रूप में नियुक्त करने का अनुरोध किया गया है। पार्षद का कहना है कि वार्ड में सफाई कर्मचारियों की संख्या कम होने के कारण नियमित साफ-सफाई व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में परेशानी हो रही है। वार्ड की पार्षद ने नगर पालिका प्रशासन से क्षेत्र की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सफाई कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की मांग की है। उनका उद्देश्य वार्ड के विभिन्न क्षेत्रों में नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करना और स्थानीय नागरिकों को बेहतर स्वच्छता सुविधाएं उपलब्ध कराना है। पार्षद द्वारा अधिशासी अधिकारी एवं नगर पालिका अध्यक्ष को दिए गए पत्र के माध्यम से संबंधित अधिकारियों का ध्यान वार्ड की सफाई व्यवस्था की ओर आकर्षित कराया गया है।

धूमधाम से निकाले भगवान के विमान, उतारी आरती

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



नेहरू नगर स्थित श्रीश्री 1008 श्री सिंह वाहिनी माता मंदिर, हनुमान मंदिर एवं शिव मंदिर पतरुआ धाम से बुधवार को बड़े ही धूमधाम और गाजे-बाजे के साथ भगवान के विमानों की शोभायात्रा निकाली गई। धार्मिक आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह और भक्ति का माहौल देखने को मिला। भगवान के विमान पूरे मोहल्ले में भ्रमण करते हुए श्रद्धालुओं के घर-घर पहुंचे, जहां लोगों ने श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ भगवान का स्वागत किया। भगवान के विमान जैसे ही मोहल्ले में श्रद्धालुओं के घरों के सामने पहुंचे, लोगों ने उन पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। श्रद्धालु अपने-अपने घरों के बाहर सजी हुई थालियां लेकर खड़े रहे और भगवान के विमान में विराजमान भगवान की विधि-विधान एवं भक्तिभाव से आरती उतारी। इस दौरान वातावरण भगवान के जयकारों से गूंज उठा। धार्मिक आयोजन में श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह देखते ही बन रहा था। बारिश के बीच भी भक्तों का उत्साह कम नहीं हुआ। श्रद्धालु पानी में भीगते हुए भगवान के विमानों को अपने कंधों पर रखकर आगे बढ़ते रहे। बारिश में भीगने के बावजूद भगवान के प्रति उनकी श्रद्धा और समर्पण में कोई कमी नहीं दिखाई दी।

डोल ग्यारस पर उमड़ा आस्था का जनसैलाब, जगह-जगह किया स्वागत

भव्य विमान में नगर भ्रमण पर निकले भगवान कौशल किशोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



डोल ग्यारस के पावन पर्व पर शहर पूरी तरह भक्तिमय नजर आया। श्रीश्री 1008 कौशल किशोर मंदिर, कुशकुटी आश्रम, मवेशी बाजार से भगवान कौशल किशोरजी का भव्य विमान नगर भ्रमण के लिए निकला। जैसे ही भगवान विमान में विराजमान होकर मंदिर परिसर से बाहर निकले, पूरा वातावरण जयकारों और भक्ति गीतों से गूंज उठा। भगवान के दर्शन के लिए मार्ग में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।

विमान यात्रा में कुशवाहा समाज सहित विभिन्न वर्गों के धर्मप्रेमी नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। श्रद्धालु पूरे मार्ग में भगवान कौशल किशोर जी के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। कई स्थानों पर लोगों ने पुष्पवर्षा कर भगवान का स्वागत किया तथा विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। भगवान कौशल किशोर जी की विमान यात्रा जिस मार्ग से होकर गुजरी, वहां श्रद्धा का अनूठा दृश्य देखने को मिला। घरों और प्रतिष्ठानों से लोग बाहर निकलकर भगवान के दर्शन करने पहुंचे। महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने विमान के दर्शन कर माथा टेका। पूरे यात्रा मार्ग पर जय श्री कौशल किशोर और धार्मिक जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं के चेहरे पर आस्था और उत्साह साफ नजर आया। डोल ग्यारस के इस धार्मिक आयोजन ने ललितपुर की धार्मिक परंपरा, सामाजिक सहभागिता और आपसी भाईचारे की सुंदर तस्वीर प्रस्तुत की। मंदिर परिसर से प्रारंभ हुई विमान यात्रा नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। रास्ते में श्रद्धालुओं ने भगवान कौशल किशोर जी का पुष्प अर्पित कर स्वागत किया। कई स्थानों पर पूजा-अर्चना एवं आरती भी की गई। श्रद्धालुओं ने भगवान से परिवार और क्षेत्र में सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की प्रार्थना की। इस अवसर पर सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन हमारी संस्कृति और परंपराओं को जीवंत बनाए रखने के साथ समाज में आपसी प्रेम और भाईचारे को मजबूत करते हैं।

उन्होंने भगवान कौशल किशोर जी से सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। पत्रकार राहुल कुशवाहा ने कहा कि भगवान कौशल किशोर जी की विमान यात्रा केवल धार्मिक आयोजन ही नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, आपसी भाईचारे और हमारी गौरवशाली परंपराओं का प्रतीक भी है। डोल ग्यारस के अवसर पर जिस तरह बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकजुट होकर भगवान के दर्शन के लिए पहुंचे, वह क्षेत्र की गहरी धार्मिक आस्था और सामाजिक एकजुटता को दर्शाता है। विमान यात्रा में सदर विधायक राम रतन कुशवाहा, भजनलाल कुशवाहा, पत्रकार राहुल कुशवाहा, प्रकाश नारायण कुशवाहा, जिलाध्यक्ष कुशवाहा समाज रमेश कुशवाहा, संतोष कुशवाहा हरदिला, हरगोविंद कुशवाहा, कल्ली माते, संतोष कुशवाहा, रवि कुशवाहा, श्याम कुशवाहा सहित कुशवाहा समाज के अनेक पदाधिकारी, वरिष्ठजन एवं धर्मप्रेमी नागरिक प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

प्रशासन द्वारा आठ मांगों पर सहमति और लिखित आश्वासन के बाद आंदोलन स्थगित

सिंचाई परियोजना से प्रभावित किसानों की आठ दिवसीय भूख हड़ताल समाप्त

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने ज्यूस पिलाकर अनशन समाप्त कराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

सुठालिया सिंचाई परियोजना से प्रभावित किसानों द्वारा अपनी नौ सूत्रीय मांगों को लेकर पिछले आठ दिनों से जीन ग्राउंड, सुठालिया में की जा रही अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल मंगलवार को समाप्त हो गई।

प्रशासन द्वारा आठ मांगों पर सहमति जताते हुए लिखित आश्वासन दिए जाने के बाद किसानों ने आंदोलन समाप्त करने का निर्णय लिया। किसानों की भूख हड़ताल समाप्त कराने के लिए मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह अनशन स्थल पर पहुंचे। उन्होंने अनशनरत नौ किसानों को ज्यूस पिलाकर उनकी भूख हड़ताल समाप्त कराई। किसानों की प्रमुख मांग समान रूप से चार गुना मुआवजा दिए जाने को लेकर अभी अंतिम सहमति नहीं बन सकी है। प्रशासन की ओर से किसानों को आश्वस्त किया गया है कि इस मांग का प्रस्ताव शासन स्तर पर भेजा जाएगा। किसानों ने स्पष्ट किया कि इस मांग को लेकर उनका संघर्ष आगे भी जारी





रहेगा और शासन के निर्णय के आधार पर आगामी रणनीति तय की जाएगी।

बड़ी संख्या में पहुंचे थे किसान

आंदोलन के आठवें दिन किसानों के समर्थन में बड़ी संख्या में लोग सुठालिया पहुंचे। हजारों की संख्या में किसान अनशन स्थल पर उपस्थित रहे। किसानों के समर्थन में सुठालिया व्यापारी एसोसिएशन द्वारा बाजार बंद रखकर आंदोलन को समर्थन दिया गया। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रियव्रत सिंह, पूर्व विधायक रामचन्द्र दांगी, पूर्व विधायक हेमराज कल्पोनी, पूर्व विधायक चांचैड़ा ममता मीना, भारतीय किसान यूनियन (महाशक्ति) प्रदेश अध्यक्ष रामजगदीश दांगी, प्रदेश संगठन मंत्री केशरीसिंह गुर्जर सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

किसानों ने अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण किया संघर्ष

आठ दिनों तक चले इस आंदोलन में किसानों ने अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से संघर्ष किया। प्रशासन द्वारा आठ मांगों पर लिखित आश्वासन मिलने के बाद फिलहाल भूख हड़ताल समाप्त की गई है। किसानों ने कहा कि समान चार गुना मुआवजे की मांग उनके आंदोलन का प्रमुख विषय है और शासन स्तर पर प्रस्ताव भेजे जाने के बाद उसके निर्णय का इंतजार किया जाएगा। किसानों ने कहा कि यदि शासन स्तर पर उनकी प्रमुख मांग का सकारात्मक समाधान नहीं होता है तो किसान संगठन एवं प्रभावित किसान आगे की रणनीति तय करेंगे।

वार्ड 8 में आबादी के बीच सूअर पालन और सड़ी सब्जियों से दुर्गंध का आरोप

बदबू-गंदगी से परेशान लोगों का फूटा गुस्सा नगर परिषद अध्यक्ष के घर का किया घेराव

सीएम हेल्पलाइन, तहसील और नगर परिषद में लिखित शिकायत, कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मांचलपुर



स्थानीय नगर परिषद वार्ड 8 में सूअर पालन और गंदगी से फैल रही दुर्गंध को लेकर स्थानीय रहवासियों का आक्रोश सामने आया। सोमवार रात समस्या से परेशान नागरिकों ने एकजुट होकर नगर परिषद अध्यक्ष के निवास के बाहर पहुंचकर विरोध जताया और घेराव कर नारेबाजी की। रहवासियों का कहना है कि लंबे समय से शिकायतों के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं होने से उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों के अनुसार आबादी क्षेत्र में सूअर पालन किया जा रहा है और सूअरों को खिलाने के लिए सड़ी-गली सब्जियां एवं अन्य खाद्य अपशिष्ट लाकर डाले जाते हैं। रहवासियों का आरोप है कि इससे क्षेत्र में लगातार दुर्गंध बनी रहती है। गर्मी और उमस के दौरान स्थिति और खराब हो जाती है। लोगों का कहना है कि दुर्गंध के कारण घरों में रहना और सामान्य गतिविधियां करना मुश्किल हो रहा है तथा संक्रमण और बीमारी फैलने की आशंका बनी हुई है।

तीन स्कूलों के पास भी समस्या

रहवासियों ने बताया कि प्रभावित क्षेत्र के आसपास काशी गुरुकुल एकेडमी, मां दुर्गा और सरस्वती शिशु मंदिर सहित शैक्षणिक संस्थान भी स्थित हैं। दुर्गंध का असर आसपास के विद्यार्थियों और शिक्षकों पर भी पड़ रहा है। नगर परिषद अध्यक्ष का निवास भी इसी क्षेत्र के समीप है, इसके बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। सोमवार रात विरोध के बाद मंगलवार को रहवासियों ने मामले को लेकर तहसील कार्यालय और नगर परिषद कार्यालय में लिखित शिकायत दी। इसके अलावा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज कराते हुए आबादी क्षेत्र से सूअर पालन हटाने और गंदगी की समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की गई। शिकायत करने वालों में महेंद्र कुमार, रामबाबू कबधि, दीपक मालवीय, सलाम खान, कलाम खान, देवकरण, अनिल वर्मा, राजू वर्मा, अभिषेक, जगदीश, नरसिंह, गोपाल राठौर, विभूति विश्वकर्मा और विशाल सहित अन्य रहवासी शामिल रहे।

शिकायत का दावा

नागरिकों का कहना है कि इस समस्या को लेकर पूर्व में भी कई बार नगर परिषद को ज्ञापन और शिकायतें दी जा चुकी हैं, लेकिन अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। नागरिकों ने प्रशासन से आबादी क्षेत्र में सूअर पालन की स्थिति की जांच कराने, गंदगी और दुर्गंध के स्रोत को हटाने तथा नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की है।अब सीएम हेल्पलाइन, तहसील कार्यालय और नगर परिषद में शिकायत के बाद रहवासियों को कार्रवाई का इंतजार है। नागरिकों का कहना है कि जब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं होता, वे प्रशासन के समक्ष अपनी मांग उठाते हुए उग्र आंदोलन की राह पर जाएंगे।

आंगनबाड़ी केंद्रों पर राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया



भानपुरा/मंदसौर

नगर परिषद भानपुरा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 13 एवं 14 में स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों पर बुधवार को मातृ सहयोगिनी समिति अध्यक्ष की उपस्थिति में राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा महिलाओं, गर्भवती महिलाओं, धात्री महिलाओं को पोषण एवं पौष्टिक तत्वों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही पोषण सामग्री प्रदर्शित की जाकर उनके पौष्टिक तत्वों की विशेष जानकारी दी गई। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता विमल कलवाड़िया, मैना भाना, सहायिका किरण बंबोरिया, कृष्णा मरमट सहित वार्ड की महिलाएं व बच्चे उपस्थित थे।

आउटसोर्स कर्मचारी संघ की जिला इकाई ने सहायक श्रम आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

मंदसौर। प्रदेशव्यापी आह्वान के तहत मप्र राज्य आउटसोर्स कर्मचारी संघ की मंदसौर जिला इकाई द्वारा जिले के विभिन्न शासकीय विभागों, कार्यालयों, निगमों और मंडलों में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों के हितों की रक्षा और श्रम कानूनों के क्रियान्वयन को लेकर श्रम विभाग के नाम एक 12 सूत्रीय ज्ञापन सहायक श्रम आयुक्त पवन मंडोत को सौंपा गया। संगठन के जिलाध्यक्ष फकीरचन्द गुर्जर के नेतृत्व में सौंपे गए इस ज्ञापन में बताया गया कि विभिन्न विभागों में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों को समय पर वेतन न मिलने, कई-कई महीनों का वेतन लंबित रहने और निर्धारित मानदेय से कम भुगतान किए जाने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों को उनकी वास्तविक कार्य क्षमता और पद के अनुरूप वेतन न देकर अभिलेखों में अकुशल दर्शाने और वेतन पर्ची तक उपलब्ध न कराने जैसी अनियमितताएं लगातार सामने आ रही हैं। इसके अलावा ईपीएफ, ईएसआईसी, वैधानिक बोनस और अन्य बुनियादी सामाजिक सुरक्षा लाभों से वंचित रखे जाने को लेकर भी कर्मचारियों में गहरा असंतोष व्याप्त है। ज्ञापन के माध्यम से संघ ने नौकरी की सुरक्षा का अहम मुद्दा उठाते हुए कहा कि वर्षों से निष्ठापूर्वक सेवाएं दे रहे कर्मचारियों को बिना किसी उचित वैधानिक प्रक्रिया या ठोस कारण के दबाव बनाकर हटाने की कार्रवाई की जा रही है, जिस पर तुरंत प्रभाव से रोक लगाई जानी चाहिए। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी जिनको बाहर किया गया उनको वापस नौकरी पर रखा जाए। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि आउटसोर्स कर्मचारियों की इन जायज मांगों पर 9 अक्टूबर तक वैधानिक कार्रवाई नहीं की जाती है, तो संघ प्रदेश कार्यकारिणी के माध्यम से राज्य स्तर पर अपनी लड़ाई को आगे ले जाते हुए उग्र आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए बाध्य होगा।

जिले के सीतामऊ में आज आयोजित होगा शिविर

मंदसौर। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत जिले के सीतामऊ में 24 सितंबर को शिविर आयोजित होगा। कलेक्टर दिव्यांक सिंह ने सभी अधिकारियों को शिविर की तैयारी के निर्देश जारी किए हैं। इस दौरान अभियान के अंतर्गत जन समस्याओं शिकायतों का निराकरण किया जाएगा संबंधित जनप्रतिनिधीकरण अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहेंगे। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत उद्यम संवाद कार्यक्रम सीतामऊ में सुबह 09:30 में होगा एवं जनसंवाद कार्यक्रम फतेहपुर चिकली में दोपहर 2 बजे होगा। सीतामऊ के अलावा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में 24 सितंबर को अधिकारियों द्वारा भ्रमण करके लोक संपर्क किया जाएगा। आमजन की शिकायत और समस्याओं का यथासंभव त्वरित निराकरण किया जाएगा। जिन शिकायतो समस्याओं के निराकरण में समय सीमा देनी होगी तो निश्चित समय सीमा दी जाएगी। 24 सितंबर को अधिकारियों द्वारा संपूर्ण सीतामऊ क्षेत्र के वार्डों का भ्रमण किया जाएगा। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण किया जाएगा।

उद्यानिकी महाविद्यालय में मनाया गया 11वां आयुर्वेद दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



उद्यानिकी महाविद्यालय में 11वां आयुर्वेद दिवस मनाया गया। आयुर्वेद दिवस के अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अरुण मिश्रा प्राध्यापक आयुर्वेद महाविद्यालय मंदसौर थे। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शिक्षक गण, स्टाफ सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

महाविद्यालय में संचालित अखिल भारतीय औषधि एवं सुगंधित समन्वित शोध परियोजना के वैज्ञानिक डॉ. बसंत कचोली ने आयुर्वेद दिवस की महत्ता के ऊपर प्रकाश डाला एवं परियोजना द्वारा औषधि एवं सुगंधित फसलों की विकसित किस्मो के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ अरुण मिश्रा ने विद्यार्थियों से स्वस्थ जीवन शैली अपनाकर निरोग रहने की प्रेरणा दी। डॉ मिश्रा ने आयुर्वेद ने बताया कि आयुर्वेद तो कई हजारों वर्ष पुराना है किंतु उसको महत्व विगत कुछ वर्षों से मिल रहा है। डॉ मिश्रा ने बताया कि आयुर्वेद उपचार से सभी प्रकार के रोग जड़ से समाप्त होते हैं। इनका कोई साइड इफेक्ट नहीं होता साथ ही वे सस्ते भी होते हैं। यदि उच्च गुणवत्ता की आयुर्वेदिक दवाइयां का उपयोग करें तो रोगी तुरंत स्वस्थ हो जाते हैं। डॉ मिश्रा ने विद्यार्थियों से आयुर्वेद को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ रोशन गलानी ने किया एवं आभार डॉ प्रदीप तुर्कमाने ने दिया।

नपा परिषद अनंत चतुदर्शी पर्व पर गणेश मूर्तियों के विसर्जन के लिए 24 मूर्ति संग्रहण केंद्र बनाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

25 सितंबर अनंत चतुर्दशी पर्व पर नागरिकों द्वारा भगवान गणेश की मूर्तियों का विसर्जन किया जाएगा। यह विसर्जन नेशनल ग्रिन ट्रिब्यूनल एनजीटी व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के दिशा निर्देशों के अनुसार हो, यह सुनिश्चित करने के लिए नपाध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने नपा के अमले के साथ विसर्जन की तैयारियों का निरीक्षण हेतु स्थलो का अवलोकन किया। नगरपालिका परिषद गणेशजी की मूर्तियों के विसर्जन के लिए नगर में 24 स्थानों पर स्टाल (मूर्ति संग्रहण केन्द्र) लगाएगी तथा इन सभी स्थानों से मूर्तियों को एकत्रित कर उसे धार्मिक रीति रिवाज व परंपरा के अनुसार पानी से भरी खदान स्थल में प्रवाहित कराएगी।

इस व्यवस्था को हर वर्ष की भांति सुव्यवस्थित रूप से पूर्ण कराने कल नपाध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने नपा सभापतिगण निलेश जैन, मुख्य नगरपालिका अधिकारी प्रेम कुमार सुमन के साथ एमआईटी कॉलेज के पास दाउदखेड़ी की खदान स्थल एवं तेलिया तालाब के बाहर स्टाल लगाने की व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष गुर्जर ने नपा अधिकारियों कर्मचारियों को कहा कि अनन्त चतुर्दशी पर्व पर मूर्ति विसर्जन की व्यवस्था के लिये हर वर्ष जहाँ केन्द्र लगाया जाता है वहाँ टेंट लगाये तथा सभी 24 स्थानो पर नपा कर्मचारियों की उपस्थिति रहे।

नपाध्यक्ष ने मीडिया के प्रतिनिधियों से चर्चा में कहा कि 10 दिवस तक नगर के नागरिक गणेशजी की भक्ति पूर्वक आराधना करते हैं। गणेशजी की मूर्तियों का विसर्जन भी हमारा धार्मिक श्रद्धा अनुसार हो यह कार्य नपा द्वारा हर बार की तरह इस बार भी पूरी तत्परता से किया जाएगा जो भी मूर्तियां संकलित होगी उन्हे सम्मान के साथ विसर्जित किया जाएगा। मुख्य नपाधिकारी प्रेम कुमार सुमन ने कहा कि नपा 24 मूर्ति संग्रहण केन्द्र व विसर्जन केन्द्र बना रही है।

एक करोड़ कंठों से गूंजेगा वंदे मातरम, विद्या भारती के इस ऐतिहासिक आयोजन का साक्षी बनेगा सरस्वती विहार शैक्षिक संस्थान

मंदसौर। राष्ट्रभक्ति, एकता और अखंडता की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से विद्या भारती द्वारा आयोजित 'नमामि भारतम' अभियान अंतर्गत 25 सितंबर को सुबह 10.30 बजे यशोधर्मन सभागार सरस्वती विहार शैक्षिक संस्थान संजीत मार्ग मंदसौर पर एक अनूठा सामूहिक आयोजन होने जा रहा है। इस अवसर पर देश के विभिन्न क्षेत्रों से एक करोड़ लोग एक साथ, एक समय, एक लय और एक स्वर में राष्ट्रगीत वंदे मातरम का पूर्ण गायन करेंगे। इस ऐतिहासिक आयोजन में सरस्वती विद्या मंदिर सीबीएसई, संजीत मार्ग, मंदसौर भी अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज कराते हुए विद्या भारती के इस विराट राष्ट्रव्यापी स्वर-संगम का हिस्सा बनेगा। विद्यालय परिसर में विद्यार्थी, आचार्यगण एवं गणमान्यजन एक साथ राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन कर राष्ट्र की एकता और अखंडता के इस महायज्ञ में अपनी आहुति देंगे। सरस्वती विहार परिवार आपसे आग्रह करता है कि 'आइए, आप सभी भी इस ऐतिहासिक स्वर-संगम का हिस्सा बनें। एक समय, एक लय, एक स्वर में 'वंदे मातरम' गाकर राष्ट्र की एकता और अखंडता के इस महायज्ञ में अपनी आहुति दें।'

वन स्टॉप सेंटर मंदसौर में पोषण एवं महिला सशक्तिकरण पर कार्यशाला आयोजित हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



वन स्टॉप सेंटर मंदसौर में पोषण एवं महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से कार्यशाला का आयोजन हुआ। महिलाओं को संतुलित एवं पौष्टिक आहार लेने के लिए प्रेरित किया गया। आंगनबाड़ी केन्द्रों से प्राप्त होने वाले टी एच आर (टेक होम राशन) से पौष्टिक मिठाई एवं अन्य व्यंजन बनाने की विधि तथा उपयोग की जानकारी दी गई। हरी सब्जियों एवं मौसमी फल, पौष्टिक खाद्य पदार्थों के सेवन, व्यक्तिगत स्वच्छता एवं साफ सफाई के संबंध में जागरूक किया गया। एनिमिया के कारण, बचाव व आयरन युक्त आहार की जानकारी दी गई। महिलाओं को वन स्टॉप सेंटर की सेवाओं के बारे में बताया गया। किसी भी हिंसा से प्रभावित महिलाओं और बालिकाओं को आवश्यकतानुसार परामर्श, मनो सामाजिक सहायता, चिकित्सीय सहायता, पुलिस सहायता, विधिक सहायता एवं अस्थायी आश्रय जैसी सुविधाओं से जोड़ा जाता है। महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, 112 की जानकारी दी गई।

जिला चिकित्सालय में अत्याधुनिक फेको तकनीक से मोतियाबिंद का किया ऑपरेशन

मंदसौर। सुंदरलाल पटवा शासकीय मेडिकल कॉलेज मंदसौर एवं इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालय मंदसौर के नेत्र विभाग द्वारा मोतियाबिंद के उपचार में नई उपलब्धि हासिल की गई है। जिला चिकित्सालय में 22 सितंबर को नवीनतम फेकोइमल्सीफिकेशन तकनीक द्वारा 8 मरीजों के मोतियाबिंद का ऑपरेशन कर फोल्डेबल लेंसका प्रत्यारोपण किया गया। इस आधुनिक तकनीक में बिना टांके के सूक्ष्म चीरे से ऑपरेशन किया जाता है, जिससे मरीज को जल्द स्वास्थ्य लाभ मिलता है। इससे पूर्व 21 सितंबर को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नाहरगढ़ में निःशुल्क मोतियाबिंद शिविर का आयोजन किया गया था, जिसमें 112 मरीजों ने लाभ लिया। शिविर में चिन्हित मरीजों को ही जिला चिकित्सालय लाकर यह अत्याधुनिक ऑपरेशन निःशुल्क किया गया। यह संपूर्ण शिविर एवं ऑपरेशन नेत्र रोग विभागाध्यक्ष डॉ. अतुल भिरुड एवं उनकी टीम द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न किए गए।

मंदिरों के विमान बड़े बाजार चौक पर हुए विराजित, अखाड़े में पहलवानों ने दिखाए हैरतअंगेज करतब

धूमधाम से मनाई जलझूलनी एकादशी, निकला विमानों का जुलूस




हरिभूमि न्यूज ⏭ मांचलपुर

नगर में जल झूलनी एकादशी का पर्व धार्मिक आस्था, परंपरा और उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही नगर के विभिन्न मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना का दौर शुरू हो गया था। परंपरा के अनुसार विभिन्न मंदिरों के विमान बड़े बाजार चौक पर विराजित किए गए, जहां बड़ी संख्या में नगरवासियों ने पहुंचकर भगवान के दर्शन-पूजन किए और धर्मलाभ लिया। इस अवसर पर पुराने झंडा चौक चौराहे पर अखाड़े का आयोजन किया गया। अखाड़े में पहलवानों ने विभिन्न दांव-पेंच और हैरतअंगेज करतब दिखाकर उपस्थित लोगों को रोमांचित किया। अखाड़े को देखने के लिए बड़ी संख्या में नगरवासी और युवा मौजूद रहे। इस दौरान हिंदू उत्सव समिति की ओर से अखाड़े के उस्तादों का साफा बांधकर एवं श्रीफल भेंट कर स्वागत-सम्मान किया गया।

जगह-जगह फोड़ी दही की मटकियां

जुलूस के मार्ग में जगह-जगह दही की मटकियां लटकाई गई थीं, जिन्हें उत्साह के साथ फोड़ा गया। इस दौरान श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। पूरे नगर में धार्मिक जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।नगर भ्रमण करते हुए सभी विमान तखाजी मंदिर पहुंचे। यहां विधि-विधान से सभी विमानों का पूजन एवं आरती की गई। इसके बाद विमानों में विराजित भगवान को शनि तलाई ले जाया गया, जहां परंपरानुसार भगवान का जल विहार कराया गया। जल विहार के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे और भगवान के दर्शन कर पुण्य लाभ लिया।

डोल ग्यारस पर निकले मंदिरों के चल समारोह, हुआ पुरस्कार वितरण



शामगढ़/ मंदसौर। डोल ग्यारस महोत्सव समिति के तत्वावधान में जल झूलनी एकादशी पर नगर के 14 मंदिरों के चल समारोह वैवाण ट्रैक्टर ट्राली में सजाकर गरोठ रोड पर एकत्रित हुए जहां से बैड बाजे और डीजे के साथ राधा कृष्ण की आकर्षक झांकियां एवं श्री वीर बजरंगी व्यायाम शाला वाल्मीकि अखाड़ा व्यायामशाला के के कलाकारों द्वारा हैरतअंगेज करतब दिखाते हुए चल समारोह के आगे आगे चल रहे थे। सभी चल समारोह लगभग 3 किलोमीटर भ्रमण करते हुए नगर के मुख्य मार्ग शिव हनुमान मंदिर में रोड आना बाजार श्री राम मंदिर सुवासरा रोड होते हुए श्री कृष्णा तलाई पर पहुंचे जहां पर भगवान को स्नान कर सभी की सामूहिक आरती पर महाप्रसादी का वितरण किया गया। सर्वश्रेष्ठ चल समारोह में झांकियां सजाने वाले को चयन समिति द्वारा चयनित कर प्रथम पुरस्कार 11000 रुपए चंद्रवंशी क्षत्रियखाती समाज ईश्वर तंवर की ओर से एवं द्वितीय पुरस्कार 7501 राधा कृष्ण मंदिर पंजाबी समाज को होटल तन्वी पैलेस एवं तृतीय पुरस्कार 5100 श्री राधा कृष्ण मंदिर राजपूत समाज को साईं कार बाजार की ओर से प्रदान किए गए। वहीं नगर परिषद अध्यक्ष कविता नरेंद्र यादव की ओर से सम्मान स्वरूप अन्य चल समारोह एवं अखाड़ा दल को राशि भेंट की गई।